**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 4170**

**20 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## गुरदासपुर में चिकित्सा महाविद्यालय

**4170. श्री सुखजिंदर सिंह रंधावा:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पंजाब राज्य के गुरदासपुर में नया चिकित्सा महाविद्यालय खोलने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है और उक्त प्रस्ताव को कब तक स्वीकृति प्रदान किए जाने की संभावना है; और

(ग) पंजाब के गुरदासपुर और पठानकोट में वर्तमान में कितने सरकारी और निजी चिकित्सा महाविद्यालय स्थित हैं?

<u>उत्तर</u>

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) से (ग): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय 'मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संलग्न नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना' के लिए एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें ऐसे अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहाँ कोई सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज मौजूद नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि हिस्सेदारी की व्यवस्था पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के तहत, पंजाब में 03 मेडिकल कॉलेज (प्रथम चरण में एसएएस नगर, तृतीय चरण में कपूरथला और होशियारपुर) को मंजूरी दी गई है। एसएएस नगर में सरकारी मेडिकल कॉलेज कार्यशील है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार पठानकोट में 01 निजी मेडिकल कॉलेज सहित पंजाब में 13 मेडिकल कॉलेज (5 सरकारी और 8 निजी) हैं।

******